# मध्यप्रदेश विधान सभा

## जुलाई-अगस्त, 2025 सत्र

## दैनिक कार्य सूची

## गुरुवार, दिनांक 31 जुलाई, 2025 (श्रावण 9, 1947)

## समय 11.00 बजे दिन

### 1. प्रश्नोत्तर

पृथकत: वितरित सूची में सम्मिलित प्रश्न पूछे जायेंगे तथा उनके उत्तर दिये जायेंगे.

### 2. पत्रों का पटल पर रखा जाना

(1) **श्री जगदीश देवड़ा, उप मुख्यमंत्री (वित्त) -**
(क) भारत के संविधान के अनुच्छेद 151 के खण्ड (2) की अपेक्षानुसार-
(i) भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक का मध्यप्रदेश में उर्वरक के प्रबंधन एवं वितरण पर 31 मार्च, 2022 को समाप्त वर्ष हेतु प्रतिवेदन मध्यप्रदेश शासन 2025 का प्रतिवेदन संख्या-1 (निष्पादन लेखापरीक्षा-सिविल),
(ii) भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक का 31 मार्च, 2022 को समाप्त वर्ष के लिए प्रतिवेदन मध्यप्रदेश शासन 2025 का प्रतिवेदन संख्या-2 (अनुपालन लेखापरीक्षा-सिविल), एवं
(iii) भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक का वर्ष 2023-2024 के लिए राज्य वित्त पर प्रतिवेदन मध्यप्रदेश शासन वर्ष 2025 का प्रतिवेदन संख्या-3 (राज्य वित्त लेखापरीक्षा प्रतिवेदन), तथा
(ख) मध्यप्रदेश पंचायतराज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम, 1993 (क्रमांक 1 सन् 1994) की धारा 129 की उपधारा (2) की अपेक्षानुसार त्रिस्तरीय पंचायतराज संस्थाओं पर संचालक स्थानीय निधि संपरीक्षा का वार्षिक समेकित संपरीक्षा प्रतिवेदन वर्ष 2020-2021
पटल पर रखेंगे.

(2) **डॉ. कुंवर विजय शाह, लोक परिसम्पत्ति प्रबंधन मंत्री,** कंपनी अधिनियम, 2013 (क्रमांक 18 सन् 2013) की धारा 395 की उपधारा (2) की अपेक्षानुसार मध्यप्रदेश राज्य परिसम्पत्ति प्रबंधन कंपनी लिमिटेड का प्रथम वार्षिक प्रतिवेदन एवं लेखे वर्ष 2022-2023 एवं द्वितीय वार्षिक प्रतिवेदन एवं लेखे वर्ष 2023-2024 पटल पर रखेंगे.

(3) **श्री कैलाश विजयवर्गीय, नगरीय विकास एवं आवास मंत्री,** कंपनी अधिनियम, 2013 (क्रमांक 18 सन् 2013) की धारा 394 की उपधारा (2) की अपेक्षानुसार मध्यप्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड का 9वां वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2023-2024 पटल पर रखेंगे.

### 3. नियम 138 (1) के अधीन ध्यान आकर्षण

(1) **सर्वश्री उमंग सिंघार, फूल सिंह बरैया, जयवर्द्धन सिंह, सदस्य,** प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति खराब होने के संबंध में मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(2) **श्री ब्रजेन्द्र प्रताप सिंह, सदस्य,** पन्ना जिले में राजस्व एवं वन विभाग की सीमाओं का निराकरण न होने से उत्पन्न स्थिति की ओर राजस्व मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

## 4. प्रतिवेदन की प्रस्तुति एवं स्वीकृति.

**इंजीनियर प्रदीप लारिया, सभापति,** गैर-सरकारी सदस्यों के विधेयकों तथा संकल्पों संबंधी समिति का पंचम् प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे तथा निम्नलिखित प्रस्ताव करेंगे कि –

"सदन गैर-सरकारी सदस्यों के विधेयकों तथा संकल्पों संबंधी समिति के पंचम् प्रतिवेदन से सहमत है.".

## 5. याचिकाओं की प्रस्तुति

(1) **श्री सोहनलाल बाल्मीक, सदस्य,** छिन्दवाड़ा जिले के ग्राम चारगांव झांकी से बागदेव तक मार्ग का निर्माण कराये जाने,

(2) **श्री संजय सत्येन्द्र पाठक, सदस्य,** कटनी जिले के ग्राम रोहनिया से गोईन्द्रा होते हुए जिवारा पहुंच मार्ग का निर्माण कराये जाने,

(3) **श्रीमती उमादेवी लालचंद खटीक, सदस्य,** दमोह जिले के हटा अंतर्गत ग्राम इमलिया-रावत में जूड़ी नाले पर पुल का निर्माण कराये जाने,

(4) **श्री पन्नालाल शाक्य, सदस्य,** गुना जिले के टेकरी मंदिर के नीचे स्थित शिवपुरम कॉलोनी में बिजली आपूर्ति किए जाने,

(5) **श्री केदार चिडाभाई डावर, सदस्य,** खरगोन जिले के भगवानपुरा अंतर्गत वन रेंज सिरवेल सहित अन्य ग्रामों को राजस्व ग्राम घोषित करने,

(6) **डॉ. हिरालाल अलावा, सदस्य,** धार जिले के सुराणी में नवीन बैराज का निर्माण कराये जाने,

(7) **श्रीमती झूमा डॉ. ध्यानसिंह सोलंकी, सदस्य,** खरगोन जिले के अंजन गांव में दसवीं एवं बारहवीं परीक्षा हेतु केन्द्र स्वीकृत करने,

(8) **श्री शैलेन्द्र कुमार जैन, सदस्य,** सागर जिले के बाघराज वार्ड में सड़क एवं नाली का निर्माण कराये जाने,

(9) **श्री वीरसिंह भूरिया, सदस्य,** झाबुआ जिले के सार्वजनिक धार्मिक मंदिर की भूमि से अतिक्रमण हटाये जाने,

(10) **श्री मोहन शर्मा, सदस्य,** राजगढ़ जिले के ग्राम करवा में डावरी वाली पुलिया का निर्माण कराये जाने,

(11) **डॉ. सतीश सिकरवार, सदस्य,** ग्वालियर शहर के वार्ड 21 के त्रिमूर्ति नगर द्वार से शंकर मंदिर तक सड़क निर्माण कराये जाने,

(12) **श्री मुरली भँवरा, सदस्य,** देवास जिले के ग्राम महिगांव में देवनलिया नदी पर पुलिया निर्माण कराये जाने,

(13) **श्री अभय मिश्रा, सदस्य,** रीवा जिले के बीड़ा से गनिगवां एवं चचाई से सपहा पटरी में रोड निर्माण कराये जाने,

(14) **श्री विश्वनाथ सिंह मुलाम भैया, सदस्य,** नरसिंहपुर जिले के राघव कृषि उच्च. मा. विद्यालय का कृषि महाविद्यालय में उन्नयन करने,

(15) **श्री प्रताप ग्रेवाल, सदस्य,** धार जिले के सरदारपुर बालोद मार्ग पर लेडगांव के पास तालाब के वेस्टवेयर पर पुल निर्माण कराये जाने,

(16) **श्री विपीन जैन, सदस्य,** मंदसौर जिले के नंदावता शास. उच्च. मा. विद्यालय स्थित विद्युत ट्रांसफार्मर/विद्युत लाईन हटाये जाने,

(17) **श्री हजारीलाल दांगी, सदस्य,** राजगढ़ जिले की तहसील जीरापुर को नवीन उपखण्ड/अनुविभाग (अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं दण्डाधिकारी कार्यालय) का दर्जा दिलाये जाने,

(18) **श्री सचिन सुभाषचंद्र यादव,** सदस्य, खरगोन जिले के ग्राम रसवा से डाबरी तक मार्ग स्वीकृत करने,

(19) **श्री श्याम बरडे, सदस्य,** बड़वानी जिले के नगर पानसेमल में रेस्ट हाउस स्वीकृत किये जाने,

(20) **श्री अमर सिंह यादव, सदस्य,** राजगढ़ जिले के ग्राम फीलखेड़ा से आंवा तक एवं अन्य ग्रामों की सड़को का निर्माण कराये जाने,

(21) **श्रीमती सेना महेश पटेल, सदस्य,** अलीराजपुर जिले के ग्राम मायावात नदी घड फा. में पुलिया रोड का निर्माण कराये जाने,

(22) **श्री श्रीकान्त चतुर्वेदी, सदस्य,** मैहर जिले के ग्राम तिन्दुहटा में आंगनवाड़ी केन्द्र क्र. 03 के संचालन हेतु भवन का निर्माण कराये जाने,

(23) **श्री बिसाहूलाल सिंह, सदस्य,** अनूपपुर जिला एवं सत्र न्यायालय का नवीन भवन निर्माण हेतु राशि स्वीकृत किये जाने,

(24) **श्री प्रहलाद लोधी, सदस्य,** पन्ना जिले की तहसील मुख्यालय रैपुरा में नवीन महाविद्यालय की स्थापना कराये जाने,

(25) **श्री अनिल जैन, सदस्य,** निवाड़ी जिले के टेहरका प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में उन्नयन करने,

(26) **श्री रजनीश हरवंश सिंह, सदस्य,** सिवनी जिले के केवलारी अंतर्गत ग्राम पांडिया छपारा से ढुटी डेम मार्ग स्थित धनई नदी पर पुल का निर्माण कराये जाने,

(27) **श्री ब्रजेन्द्र प्रताप सिंह, सदस्य,** पन्ना जिले के ग्राम भरतपुर में रमेश बंडिया के घर से माध्यमिक शाला तक सड़क का निर्माण कराये जाने,

(28) **डॉ. राजेन्द्र पाण्डेय, सदस्य,** रतलाम जिले के ग्राम नांदलेटा में पुलिया निर्माण कराये जाने,

(29) **श्री भैरो सिंह बापू, सदस्य,** आगर मालवा जिले के ग्राम सारसी से शत्रुखेड़ी तक सड़क का निर्माण कराये जाने,

(30) **श्रीमती अनुभा मुंजारे, सदस्य,** बालाघाट जिले के सिवनी रोड पर लालबर्रा बस स्टैण्ड के पास जर्जर सड़क का मरम्मत कार्य कराये जाने,

(31) **श्री कमलेश्वर डोडियार, सदस्य,** रतलाम जिले की ग्राम पंचायत कुण्डा में खोरापाडा वाले नाके पर तालाब का निर्माण कराये जाने,

(32) **श्री देवेन्द्र रामनारायन सखवार, सदस्य,** मुरैना जिले की ग्राम पंचायत पालि का पुरा पूठा में नवीन स्कूल भवन का निर्माण कराये जाने,

(33) **श्रीमती चंदा सुरेन्द्र सिंह गौर, सदस्य,** टीकमगढ़ जिले के खरगापुर-पलेरा मुख्य मार्ग से अनुसूचित जाति बस्ती अलबेली मुहल्ले तक पक्की सड़क का निर्माण कराये जाने,

(34) **श्री हेमंत सत्यदेव कटारे, सदस्य,** भिण्ड जिले के वघेलन का पुरा निवारी प्राथमिक शाला भवन के स्थान पर नया शाला भवन का निर्माण कराये जाने,

(35) **श्री मधु भगत, सदस्य,** बालाघाट जिले के परसवाड़ा बाजार में स्थित काम्प्लेक्स की भूमि को पंचायत परसवाड़ा के अधीन पूर्वानुसार किये जाने,

(36) **श्री दिनेश जैन बोस, सदस्य,** उज्जैन जिले की ग्राम पंचायत गोगापुर (म.रोड) में पार्क निर्माण कराये जाने,

(37) **श्री फूलसिंह बरैया, सदस्य,** दतिया जिले के भाण्डेर अंतर्गत ग्राम गोदन से भलका तक ग्रेवल रोड का निर्माण कराये जाने,

(38) **श्री राजेन्द्र भारती , सदस्य,** दतिया जिले के ग्राम रिछारी में कन्या हाई स्कूल स्वीकृत करने,

(39) **श्री गोपाल सिंह इंजीनियर, सदस्य,** सीहोर जिले के आष्टा अंतर्गत कचनारिया के त्रेवेणी आम से पारवा गोसाई की सड़क को मुख्य मार्ग से जोड़ने,

(40) **श्री प्रेमशंकर कुंजीलाल वर्मा, सदस्य,** नर्मदापुरम् जिले में पगढाल में अमलाडा रोड नायक बाबा पर स्टॉप डेम एवं सड़क निर्माण कराये जाने,

(41) **श्री प्रदीप अग्रवाल, सदस्य,** दतिया जिले के ग्राम सिरसा से हेतमपुरा नहर की पट्टी पर सड़क निर्माण कराये जाने,

(42) **श्री रमेश प्रसाद खटीक, सदस्य,** शिवपुरी जिले के नरवर मगरोनी के मध्य पनघटा वेयर हाउस के पास सिंध नदी पर घाट निर्माण कराये जाने,

(43) **श्री देवेन्द्र पटेल, सदस्य,** रायसेन जिले के बेगमगंज से रजपुरा होते हुये सिलवानी तक सीधा मार्ग निर्माण कराये जाने,

(44) **श्री दिलीप सिंह परिहार, सदस्य,** नीमच जिला मुख्यालय पर फुटबॉल फीडर सेन्टर की स्थापना कराये जाने,

(45) **श्री नितेन्द्र बृजेन्द्र सिंह राठौर, सदस्य,** टीकमगढ़ जिले की ग्राम पंचायत बछोड़ा से सतगुवा व्हाया ठगाटोर तक सड़क निर्माण कराये जाने,

(46) **श्री मोंटू सोलंकी, सदस्य,** बड़वानी जिले के ग्राम चाचरिया में बायपास निर्माण कराये जाने,

(47) **श्री राजेश कुमार शुक्ला, सदस्य,** छतरपुर जिले के अंतर्गत देरी मुख्य मार्ग से बाजना पुरवा तक सड़क निर्माण कराये जाने,

(48) **श्री पंकज उपाध्याय, सदस्य,** मुरैना जिले के ग्राम किरावली (मानगढ़) से फेमरा कोंढ़ेरा तक सड़क निर्माण कराये जाने,

(49) **इंजीनियर प्रदीप लारिया, सदस्य,** सागर जिले की ग्राम पंचायत जसराज नाले पर पुल निर्माण कराये जाने,

(50) **श्री राजेश कुमार वर्मा, सदस्य,** पन्ना जिले के गुनौर अंतर्गत ग्राम सिमरी-विलहा मार्ग के नाले पर क्षतिग्रस्त पुल एवं मार्ग का निर्माण कराये जाने,

(51) **श्री उमाकांत शर्मा, सदस्य,** विदिशा जिले के सिरोंज में संचालित शास. कन्या उच्च. मा. विद्यालय रावजीपथ का भवन निर्माण कराये जाने,

(52) **श्री प्रणय प्रभात पांडे, सदस्य,** कटनी जिले के स्लीमनाबाद में बस स्टेण्ड परिसर का निर्माण करने,

(53) **श्री महेंद्र रामसिंह यादव, सदस्य,** शिवपुरी जिले के कोलरस अंतर्गत स्कूलों एवं आंगनवाडियों की मरम्मत कराये जाने,

(54) **श्री यादवेन्द्र सिंह, सदस्य,** टीकमगढ़ जिले के ग्राम लखौरा से गुजरने वाली सुधा सागर नदी पर डेम निर्माण कराये जाने,

(55) **श्री कैलाश कुशवाहा, सदस्य,** शिवपुरी जिले के ग्राम लैगड़ा में हनुमान मंदिर से भोले की ओर सी.सी. सड़क निर्माण कराये जाने,

(56) **श्री कामाख्या प्रताप सिंह, सदस्य,** छतरपुर जिले की ग्राम पंचायत सैला में पुलिया / रपटा निर्माण कराये जाने,

(57) **श्री मोहन सिंह राठौर, सदस्य,** ग्वालियर जिले के मोहना के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में पोस्टमार्टम कक्ष का निर्माण कराये जाने,

(58) **श्री सिद्धार्थ सुखलाल कुशवाहा, सदस्य,** सतना जिले की ग्राम पंचायत माधवगढ़ के सरिया टोला में पुल निर्माण कराये जाने,

(59) **श्री साहब सिंह गुर्जर, सदस्य,** ग्वालियर शहर के वार्ड क्र. 66 में नवीन सामुदायिक भवन का निर्माण कराये जाने,

(60) **श्री आतिफ आरिफ अकील, सदस्य,** पुराने भोपाल शहर के ईदगाह हिल्स सहित अन्य क्षेत्रों में स्ट्रीट लाईट चालू कराये जाने,

(61) **डॉ. रामकिशोर दोगने, सदस्य,** हरदा जिले के हरदा मानपुर पम्प इंजन रोड पर टिमरन नदी पर पुल निर्माण कराये जाने,

(62) **श्री कालु सिंह ठाकुर, सदस्य,** धार जिले में माण्डव रेवा कुण्ड से हीरापुर तक मार्ग निर्माण एवं घाट कटिंग करवाये जाने,

(63) **श्री दिनेश गुर्जर, सदस्य,** मुरैना जिले की ग्राम पंचायत बमूर बसई सुमावली मुख्य मार्ग से जद्दे का पुरा तक सी.सी. रोड निर्माण कराये जाने,

(64) **श्री अनिरुध्द (माधव) मारू, सदस्य,** नीमच जिले के भाटखेड़ी से पोखरदा एवं फुलपुरा से दुधीखेड़ा तक सड़क निर्माण कराये जाने,

(65) **श्री सुरेश राजे, सदस्य,** ग्वालियर जिले की ग्राम पंचायत कुर्मरहा के सिलेठा में सामुदायिक भवन का निर्माण कराये जाने,

(66) **श्रीमती छाया गोविन्द मोरे, सदस्य,** खंडवा जिले के अंतर्गत मोती नाले एवं सुक्ता नदी पर ब्रिज व सिलोदा से सैयद पुर तक सड़क निर्माण कराये जाने,

(67) **श्री नारायण सिंह पट्टा, सदस्य,** मण्डला जिले की ग्राम पंचायत पखवार कुड़ेला मवई सहित अन्य ग्रामों में पक्की सड़क का निर्माण कराये जाने,

(68) **श्री विवेक विक्की पटेल, सदस्य,** बालाघाट जिले के वारासिवनी से लालबर्रा में टोड्या नाले सहित अन्य नालों पर पुल निर्माण कराये जाने,

के संबंध में याचिकाएं प्रस्तुत करेंगे.

निर्धारित समय

## 6. शासकीय विधि विषयक कार्य

(1) **श्री जगदीश देवड़ा, उप मुख्यमंत्री (वाणिज्यिक कर),** मध्यप्रदेश माल और सेवा कर (संशोधन) विधेयक, 2025 (क्रमांक 8 सन् 2025) के पुरःस्थापन की अनुमति का प्रस्ताव करेंगे तथा अनुमति प्राप्त होने पर विधेयक पुरःस्थापित करेंगे.

(2) **श्री प्रहलाद सिंह पटेल, श्रम मंत्री,** प्रस्ताव करेंगे कि मध्यप्रदेश श्रम विधियां (संशोधन) और प्रकीर्ण उपबंध विधेयक, 2025 (क्रमांक 5 सन् 2025) पर विचार किया जाय.

1 घण्टा

उक्त प्रस्ताव के पारित होने तथा विधेयक पर खण्डशः विचार हो चुकने पर प्रस्ताव करेंगे कि विधेयक पारित किया जाय.

## 7. नियम 139 के अधीन अविलम्बनीय लोक महत्व के विषय पर चर्चा का पुनर्ग्रहण ....

प्रदेश में लगातार कम होते भू-जल स्तर एवं परंपरागत जल संग्रहण संरचनाओं के सतत् समाप्त होने से उत्पन्न स्थिति के संबंध में चर्चा .... (क्रमशः)

ए. पी. सिंह
प्रमुख सचिव,
मध्यप्रदेश विधान सभा.

भोपाल :
दिनांक : 30 जुलाई, 2025